विजया बैंक
VIJAYA BANK
(A GOVT. OF INDIA UNDERTAKING)
आपका भरोसेमंद साथी
*A friend you can bank upon*

# Scaling New Frontiers of Excellence

## Business Crosses

# ₹ 1,65,000,00,00,000

वार्षिक रिपोर्ट

# Annual Report

2012 -2013

# मंडल के निदेशक
# Board of Directors

बाएं से दाएं

श्री सुरेश कामत (कामगार निदेशक), श्री पी.वैद्यनाथन (शेयरधारक निदेशक),
श्री अशोक गुप्ता (गैर-अधिकारी निदेशक), श्री पी. सी. नलवाया (गैर-अधिकारी निदेशक),
श्री वी.के.चोपड़ा (सरकारी नामिती निदेशक), श्री एच.एस.उपेन्द्र कामत (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक),
श्री के.आर. शेणै (कार्यकारी निदेशक), श्री निशांक कुमार जैन (शेयरधारक निदेशक),
श्रीमती भारती राव (शेयरधारक निदेशक), श्रीमती सुमा वर्मा (भा.रि.बैं. नामिती निदेशक),
श्री एच.हरीश बल्लाल (अधिकारी-कर्मचारी निदेशक)

Left to Right

Shri. Suresh Kamath (Workmen Director), Shri. P Vaidyanathan (Shareholder Director),
Shri. Ashok Gupta (Non Offical Director), Shri. P C Nalwaya (Non Official Director),
Shri. V K Chopra (Government Nominee Director), Shri. H S Upendra Kamath (Chairman & Managing Director),
Shri. K R Shenoy (Executive Director), Shri Nishank Kumar Jain (Shareholder Director),
Smt. Bharathi Rao (Shareholder Director), Smt. Suma Varma (RBI Nominee Director),
Shri. H Harish Ballal (Officer - Employee Director)

| विषय–वस्तु | पृष्ठ सं | CONTENTS | Page No. |
|---|---|---|---|
| निष्पादन वैशिष्ट्य 2012-13 | 2 | Performance Highlights 2012-13 | 103 |
| निष्पादन की एक झलक | 3 | Performance at a glance | 104 |
| अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश | 4 | Message from the Chairman & Managing Director | 105 |
| सूचना व टिप्पणियां | 6 | Notice & Notes | 107 |
| निदेशकों की रिपोर्ट | 9 | Director's Report | 110 |
| कंपनी शासन पर निदेशकों की रिपोर्ट | 27 | Report of the Board of Directors on Corporate Governance | 129 |
| कंपनी शासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण पत्र | 49 | Auditors' Certificate on Corporate Governance | 151 |
| तुलन पत्र | 50 | Balance Sheet | 152 |
| लाभ व हानि लेखा | 51 | Profit & Loss Account | 153 |
| तुलन पत्र व लाभ व हानि लेखे की अनुसूचियां | 52 | Schedules to Balance Sheet and Profit & Loss Account | 154 |
| महत्वपूर्ण लेखा नीतियां 2012-13 | 60 | Significant Accounting Policies 2012-13 | 162 |
| लेखों पर टिप्पणियां | 67 | Notes on Accounts | 169 |
| नकदी प्रवाह विवरण | 88 | Cash Flow Statement | 188 |
| लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट | 90 | Report of the Auditors | 190 |
| बेसल II (स्तंभ 3) प्रकटीकरण | 92 | Basel II (Pillar 3) Disclosures | 192 |
| ईसीएस प्रारूप | 203 | ECS Format | 204 |
| प्रॉक्सी फार्म | 205 | Proxy Form | 206 |


| लेखा परीक्षक<br>AUDITORS | पंजीयक व शेयर अंतरण एजेंट<br>REGISTRAR & SHARE TRANSFER AGENT |
|---|---|
| मेसर्स मुकुंद एम चिताले एण्ड कं.<br>M/s. Mukund M Chitale & Co.<br>मेसर्स एन.सी.मित्तल एण्ड कं.<br>M/s N. C. Mittal & Co.<br>मेसर्स कर्रा एण्ड कं.<br>M/s Karra & Co.<br>मेसर्स कांट्रेक्टर, नायक व किशनाडवाला<br>M/s. Contractor, Nayak & Kishnadwala<br>मेसर्स एस. विश्वनाथन<br>M/s. Viswanathan<br>मेसर्स राव ऐसोसिएट्स<br>M/s. Rao Associates | **मेसर्स लिंक इनटाईम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड**<br>**M/s Link Intime India Private Limited**<br>**सी–13, पन्नालाल सिल्क मिल्स कंपाउन्ड**<br>**C-13, Pannalal Silk Mills Compound**<br>**एल बी एस रोड, भंडुप (पश्चिम)**<br>**L B S Road, Bhandup (West)**<br>**मुंबई - 400 078**<br>**MUMBAI - 400 078**<br>फोन : 022-25946970 फैक्स : 022-25946969<br>ई–मेल E-mail: rnt.helpdesk@linkintime.co.in |


## विजया बैंक VIJAYA BANK

(भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking)

प्रधान कार्यालय Head Office, No. 41/2, एम जी रोड M.G. Road, बेंगलूर Bangalore - 560 001

फोन Phone: 080 - 2558 4066 [20 लाईन lines] फैक्स Fax: 080 – 2559 8040

वेबसाईट Website : www.vijayabank.com

# निष्पादन वैशिष्ट्य : 2012 - 13

### कारोबार वृद्धि

- 18.21%. की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्शाते हुए कुल कारोबार ₹ 1.65 लाख करोड का मीलपत्थर स्तर पार करके ₹ 167531 करोड रहा.
- 16.81% की वृद्धि दर्शाते हुए कुल जमाराशियां पिछले वर्ष के ₹ 83056 करोड से बढकर ₹ 97017 करोड रहीं.
- 48.8% की मजबूत वद्धि दर्शाते हुए खुदरा मीयादी जमाराशियां ₹ 37508 करोड रहीं
- वित्तीय वर्ष 2012 – 13 के दौरान कासा जमाराशियां 11.27% की वृद्धि दर्शोते हुए ₹ 20349 करोड रहीं
- 20.19% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्शाते हुए सकल अग्रिम ₹ 70514 करोड रहे
- प्रति कर्मचारी उत्पादकता की दृष्टि से उत्पादकता ₹ 12.31 करोड से ₹ 13.87 करोड तक बढा
- प्रति शाखा कारोबार मार्च 2012 को दर्ज ₹ 109 करोड से बढकर ₹ 123 करोड रहा.

### लाभ और लाभप्रदता

- मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए निवल लाभ ₹ 586 करोड रहा.
- वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान ब्याज आय 13.3% बढकर ₹ 9052 करोड पहंची.
- वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान कुल आय 13.4% बढकर ₹ 9659 करोड रही.

### गैर निष्पादन आस्तियां

- राशि तथा प्रतिशत के संदर्भ में, सकल तथा निवल गैर निष्पादक आस्तियां काफी हद तक कम हुई.
- बैंक की सकल गैर निष्पादक आस्ति मार्च 2012 के ₹ 1718 करोड से घटकर ₹ 1533 हो गयी हैं.
- सकल गैर निष्पादक आस्तियों का अनुपात मार्च 2012 के 2.93% से घटकर मार्च 2013 में 2.17% रहा.
- पिछले वर्ष के ₹ 998 करोड की तुलना में निवल गैर निष्पादक आस्तियां ₹ 910 करोड तक कम हुई.
- निवल गैर निष्पादक आस्ति का अनुपात मार्च 2012 के 1.72% से 1.30% तक घटा.

### प्राथमिकता क्षेत्र परिचालन

- प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम, 16.8% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 19505 करोड रहे.
- कृषि अग्रिम 26% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 7099 करोड रहा.
- शिक्षा ऋण संविभाग 34,331 विद्यार्थियों को प्रावरित करते हुए ₹ 671 करोड तक पहुंचा.
- एमएसएमई क्षेत्र में अग्रिम 27.8% की उल्लेखनीय प्रगति दर्शाते हुए ₹ 10594 करोड रहे.
- कमजोर वर्गों को अग्रिम 30% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 5581 करोड रहे
- महिला हिताधिकारियों को अग्रिम 26% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 4526 करोड रहे .

### वित्तीय समावेशन

- बैंक ने 47 शाखाओं तथा 332 कारोबार प्रतिनिधि/अति लघु शाखाओं के जरिए 2000 से अधिक आबादी वाले आबंटित सभी 379 ग्रामों को प्रावरित किया है.
- 2012 -13 के दौरान सम्मिलित किए गए स्व सहाय समूहों की संख्या 195346 तक पहुंची जिनमें ₹ 1444 करोड के संवितरण किए गए.
- भारत सरकार के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण कार्यक्रम में बैंक सक्रिय रूप से भाग ले रहा है.

### प्रौद्योगिकी में प्रगति

- वर्ष के दौरान 124 नए एटीएम संस्थापित किए गए जिससे एटीएम की कल संख्या 874 हुई है.
- बैंक के डेबिट कार्ड आधार में पिछले वर्ष के 18.71 लाख से मार्च 2013 तक 24.60 लाख तक बढोत्तरी हुई.
- बैंक के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, डाटा केंद्र तथा आपदा सुधार साईट को ब्रिटिश स्टैंडर्ड इन्सिटियूट द्वारा आईएसओ27001 प्रमाणीकरण से सम्मानित किया गया है.

### पूंजी पर्याप्तता

- पूंजी तथा जोखिम भारित आस्ति का अनुपात (सीआरएआर – बेसलII) भारतीय रिजर्व बैंक के 9% मानदंड के प्रति 11.32% रहा.
- टियर -I पूंजी पर्याप्ता अनुपात 8.54% रहा जबकि टियर – II पूंजी पर्याप्तता अनुपात 2.78% रहा.

# निष्पादन की एक झलक

(₹ करोडों में)

| प्रमुख मानदंड | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 |
|---|---|---|---|
| शाखाओं की संख्या | 1200 | 1300 | **1359** |
| एटीएमों की संख्या | 545 | 750 | **874** |
| आरक्षिति और अधिशेष | 3144 | 3557 | **3863** |
| सकल लाभ | 1047 | 1230 | **1122** |
| निवल लाभ | 524 | 581 | **586** |
| कुल जमाराशियां | 73248 | 83056 | **97017** |
| वृद्धि % | 18.27 | 13.39 | **16.81** |
| कासा जमाराशियां | 18480 | 18288 | **20349** |
| कुल जमाराशियों का % | 25.25 | 22.02 | **20.97** |
| सकल ऋण | 49222 | 58671 | **70514** |
| वृद्धि % | 17.38 | 19.20 | **20.19** |
| कुल कारोबार | 122470 | 141727 | **167531** |
| वृद्धि % | 17.91 | 15.72 | **18.21** |
| सकल एनपीए | 1259 | 1718 | **1533** |
| (%) | 2.56 | 2.93 | **2.17** |
| निवल एनपीए | 741 | 998 | **910** |
| (%) | 1.52 | 1.72 | **1.30** |
| निवेश | 25139 | 28644 | **31285** |
| प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम | 14190 | 16700 | **19505** |
| एएनबीसी के प्रति % | 33.84 | 33.87 | **33.23** |
| कुल कर्मचारी | 11415 | 11838 | **12601** |
| प्रति कर्मचारी कारोबार | 11.05 | 12.31 | **13.87** |
| **प्रमुख अनुपात (%)** | | | |
| जमा लागत | 5.86 | 7.68 | **8.07** |
| अग्रिमों पर आय | 10.25 | 11.73 | **11.54** |
| निवल ब्याज मार्जिन | 3.04 | 2.47 | **2.13** |
| आस्तियों पर आय | 0.72 | 0.66 | **0.59** |
| पूंजी पर्याप्तता अनुपात % (बेसल II) | 13.88 | 13.06 | **11.32** |

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए आपके बैंक के निष्पादन वैशिष्ट्य आपके समक्ष रखते हुए मुझे बेहद प्रस्न्नता हो रही है.

गत वर्षों में वित्तीय संकटों के कारण विश्वभर की अर्थव्यवस्था पर जो प्रतिकूल प्रभाव पडा था वह युरोज़ोन के संकट के बढने से वित्तीय वर्ष 2012-13 में भी जारी रहा. वर्ष के दौरान, भारतीय अर्थव्यवस्था तथा बैंकिंग क्षेत्र दोनों को बहुत चुनौतियों का सामना करना पडा. वर्ष 2012-13 की तिमाहियों में विश्व अनिश्चितताओं, अर्थ व्यवस्था की नीति में दबाव तथा कमजोर निवेश मांग के कारण भारतीय जीडीपी वृद्धि में क्रमबद्ध सुधार हुआ. वित्तीय वर्ष 2013 के लिए सकल घरेलू उत्पाद का आकलन 5% किया गया जबकि वित्तीय वर्ष 2012 में यह 6.2% रहा. तथापि सकारात्मक पहलु में, मंहगाई, वर्ष 2012-13 में गिरावट के साथ मार्च 2013 में 5.96% रही.

वर्ष 2012-13 में धीमी आर्थिक गतिविधियों के कारण ऋण तथा अग्रिम में वृद्धि बहुत कम रही. वर्ष 2012-13 में अनुसूचित वाणिज्य बैंक की कुल जमाराशियों में वर्ष दर वर्ष 13.5% की वृद्धि हुई तथा बैंक ऋण में 13.8% की वृद्धि हुई. मार्च 2013 के अंत में बैंक के ऋण–जमा अनुपात तीव्र वृद्धि के साथ 77.95% रहा. अर्थव्यवस्था में मंदी के कारण कुछ बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में गिरावट आई. भारतीय बैंकों से अपेक्षित की गयी कि वे आर्थिक पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं ताकि आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और विकास हो सके.

वित्तीय वर्ष 2012-13 में विजया बैंक के लिए मुख्य चुनौतियां रहीं, चुनौतीपूर्ण कारोबार माहोल में प्रतिस्पर्धी रहे तथा तेजी तथा मजबूती से बढने के लिए अपनी ताकत का लाभ उठाएं. वर्ष के दौरान बैंक ने उत्पाद तथा सेवाएं विकसित करने तथा ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सुपुर्दगी चैनलों को विस्तृत करने में अपना ध्यान केंद्रित किया है ताकि भारत के प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंकों में हम अपनी छवि को बनाए रखें. वित्तीय वर्ष 2012-13 में विजया बैंक का निष्पादन, मुख्यत: इन अपेक्षाओं को पूरा कर पाया है.

इसी परिप्रेक्ष्य में, मैं वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक के निष्पादन वैशिष्ट्य आपके सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं.

वर्ष के दौरान, बैंक ने अपने कारोबार संविभाग को और मजूबत बनाने के लिए कई स्थानों में अपना अस्तित्व जमाने तथा ग्राहकों के दायरे को बढाने हेतु कई पहलें की. मूल कारोबार में निरंतर सक्रियता तथा लागत नियंत्रण के कारण बैंक एक मजबूत आधार बनाए रखते हुए अपनी आमदनी को बरकार रख सका. इससे यह तथ्य स्पष्ट होता है कि आपके बैंक ने वर्ष के दौरान ₹ 1.65 लाख करोड का लक्ष्य पार किया है तथा लाभप्रदता की वृद्धि को भी बरकारार रखा है.

मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए निवल लाभ ₹ 586 करोड रहा. वर्ष के दौरान ₹ 536 करोड के सभी आवश्यक प्रावधान करने के बाद, निवल लाभ प्राप्त हुआ है.

मार्च 2013 को बैंक का कुल कारोबार 18.21% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 167531 करोड रहा. वर्ष के दौरान बैंक के कुल कारोबार में ₹ 26000 करोड जोडा गया. बैंक की कुल जमाराशियां 16.81% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 97017 करोड रहीं. ₹ 16933 करोड थोक जमा को निकालने के बावजूद हमने यह वृद्धि हासिल की है. थोक जमा/जमा प्रमाण पत्रों में मार्च 2012 के 46.4% से मार्च 2013 में 22.3% तक कटौती हुई. हमारे निष्पादन का एक उल्लेखनीय वैशिष्ट्य रहा खुदरा मीयादी जमाराशियों में वृद्धि. खुदरा मीयादी जमाओं में 48.8% की ठोस वृद्धि हासिल करते हुए ₹ 37508 करोड रहीं. वित्तीय वर्ष 2012-13 में कासा जमाराशियों में 11.27% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 20349 करोड रहीं. मार्च 2013 को सकल जमाराशियों में कासा खाते का हिस्सा 20.97% रहा.

बैंक के ऋण संविभाग में ₹ 70514 करोड की वृद्धि हुई, वर्ष दर वर्ष 20.19% की वृद्धि दर्शायी गयी तथा ऋण–जमा अनुपात 72.68% दर्शाते हुए अच्छा रहा. बैंक के विविध ऋण संविभाग में अर्थ व्यवस्था के सभी उत्पादक क्षेत्र जैसे कृषि, उद्योग, लघु, छोटे तथा मध्यम उद्यम(एमएसएमई), कंपनी तथा बुनियादी सुविधा क्षेत्रों को ऋण, अति लघु क्षेत्र तथा खुदरा ऋण आदि सम्मिलित हैं.

प्राथमिकता क्षेत्र में कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में यथा मार्च 2012 को रु 16700 करोड से 17% की वृद्धि दर्शाते हुए मार्च 2013 को ₹ 19505 करोड रहा. प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम, समायोजित निवल बैंक ऋण का 33.23% रहा. बैंक का कृषि अग्रिम 26% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 7099 करोड रहा. शैक्षिक ऋण संविभाग में ₹ 671 करोड हासिल किया गया. कमजोर वर्गों को ऋण 30% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 5581 करोड रहा तथा महिला हिताधिकारियों को ऋण में 26% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 4526 करोड रहा.

भारतीय अर्थव्यवस्था के संभाव्य वृद्धिदायक के रूप में उभरते हुए लघु, छोटे तथा मध्यम उद्यम के कारण, आपके बैंक की एमएसएमई संविभाग 27.8%

की अच्छी वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 10594 करोड रहा. खुदरा उधार को बढाने के लिए बैंक ने वर्ष के दौरान कई उपाय किए तथा बैंक के खुदरा उधार परिचालनों ने वर्ष के दौरान वृद्धि की गति फिर से पकडी. खुदरा उधार संविभाग के अधीन बकाया अग्रिम 20.3% बढकर ₹ 13447 करोड रहा जो सकल ऋण का 19% है.

वर्ष के दौरान ऋण संविभाग की स्थिति तथा गैर निष्पादन आस्तियों की सजग निगरानी पर जोर डाला गया. बैंक ने गैर निष्पादन आस्ति क्षेत्र में अंतर्वाह का नियंत्रण करते हुए तथा गैर निष्पादन आस्तियों की वसूली करते हुए बेहतर तथा सक्षम गैर निष्पादन आस्ति प्रबंधन सुनिश्चित किया है. परिणामस्वरूप बैंक के सकल तथा निवल गैर निष्पादन आस्तियों की राशि तथा प्रतिशत काफी हद तक कम हुआ है. मार्च 2013 तक बैंक की निवल गैर निष्पादक आस्ति का स्तर ₹ 1533 करोड रहा (₹ 1718 करोड) जिसका अनुपात 2.17% (2.93%) रहा. निवल गैर निष्पादक आस्ति का स्तर ₹ 910 करोड (₹ 998 करोड) रहा तथा निवल एनपीए अनुपात 1.30% (1.72%) रहा. मार्च 2013 को प्रावधान कवरेज अनुपात 68.31% रहा.

आपके बैंक की स्थिति को और सुदृढ बनाने के लिए बैंक की नीतिगत संकेंद्रन के अनुरूप सुपुर्दगी चैनलों को और विस्तृत किया गया है. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान 60 शाखाओं को जोडते हुए शाखाओं की कुल संख्या को 1359 तक बढाया है. वर्ष के दौरान, 124 एटीएम की स्थापना करते हुए यथा 31 मार्च, 2013 को बैंक के कुल 874 एटीएम हैं.

ग्राहक की सुविधा को सर्वोच्च स्थान देते हुए बैंक ने वर्ष 2012-13 के दौरान अपने उत्पाद तथा सेवाओं को और विस्तृत किया है. बैंक ने कई आकर्षक जमा उत्पाद का शुभारंभ किया है जैसे वी- अभिवृद्धि मीयादी जमा योजना, वी- वैभव, एक वर्षीय जमा उत्पाद, वी-सम्मान, वरिष्ठ नागरिकों के लिए जमा योजना तथा वी- परिवार, पारिवारिक बचत बैंक खाता. बैंक ने नए ऋण उत्पादों का भी शुभारंभ किया है जैसे चिकित्सकों के लिए वी-धनवंतरी, पाठशालाओं में विद्यार्थी / कर्मचारियों की वाहन सुविधा हेतु वित्तपोषण - वी विद्या वाहिनी, चावल तथा दाल मिलों के लिए विशेष सुविधा वी-धान्य.

देश की समावेशित वृद्धि ढांचे के अनुरूप बैंक वित्तीय समावेशन कार्यसूची को सक्रिय रूप से कार्यान्वित कर रहा है. इस दिशा में बैंक का लक्ष्य है वित्तीय सशक्तीकरण तथा ग्रामीण जनता तक बैंकिंग सेवाएं ले जाना. बैंक ने 2000 से अधिक आबादीवाले 379 गॉवों को 47 शाखाओं तथा 332 कारोबार प्रतिनिधियों / अति लघु शाखाओं से प्रावरित किया है. इन गांवों में 4.31 लाख खाते खोले गए तथा 43357 हिताधिकारियों को ₹ 201.40 करोड रुपयों का ऋण लिंकेज दिया गया है.

बेसल ढांचे तथा भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुरूप जोखिम प्रबंधन पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विश्वस्तरीय उच्च व्यवहार संहिता को प्राप्त करने के लिए बैंक ने मजूबत जोखिम प्रबंधन ढांचा तैयार किया है. बैंक के प्रौद्योगिकी पहल भी महत्वपूर्ण तथा सफल है तथा लागत को कम करने, दक्षता का निर्माण तथा कारोबार वृद्धि हासिल करने तथा ग्राहक सेवा को सर्वोत्कृष्ठ बनाने हेतु समर्थक के रूप में कार्य कर रहे हैं. बैंक के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, जोखिम प्रबंधन विभाग, डेटा केंद्र तथा आपदा सुधार साइट को ब्रिटिश स्टैंडर्ड इंस्टिट्यूट द्वारा आईएसओ 27001 प्रमाणीकरण से सम्मानित किया गया है.

वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए हमने ₹ 2,10,000 करोड का कारोबार लक्ष्य परिकल्पित किया है, जो वर्ष दर वर्ष में 25% की वृद्धि होगी जिसमें ₹ 1,22,000 करोड की जमाराशियां तथा ₹ 88,000 करोड के अग्रिम होंगे. शाखाओं की संख्या को 1500 तक बढाने तथा एटीएम की संख्या में भी पर्याप्त वृद्धि करने का हमारा प्रस्ताव है. हमारे कारोबार के मिश्रण में हम खुदरा व्यापार पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि लाभप्रद वृद्धि सुनिश्चित की जा सके. आस्ति गुणवत्ता क्षेत्र में हमारा कार्पोरेट लक्ष्य है गैर-निष्पादक आस्तियों को राशिवार तथा प्रतिशत वार उत्तरोत्तर कम करना. मार्च 2014 तक सकल गैर-निष्पादक आस्तियों को 2% से कम तथा निवल गैर-निष्पादक आस्तियों को 1% तक रखने की हमारी योजना है. आनेवाले वर्ष में इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मैं प्रतिबद्ध रहूंगा तथा भारत में एक मजबूत मध्यम स्तरीय बैंक बनने की हमारी संकल्पना को साकार बनाऊंगा.

वर्ष 2013-14 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में अच्छी वृद्धि होने की अपेक्षा की जा सकती है जो सकारात्मक संकेत है तथा अर्थ व्यवस्था में वर्धमान अवसरों का लाभ उठाने के लिए बैंक पूरी तरह तैयार है. आपके निरंतर समर्थन तथा संरक्षण से, मुझे पूरा विश्वास है कि आपका बैंक वर्तमान वर्ष के दौरान बुलंदियों को छू लेगा.

मैं, आप सभी महत्वपूर्ण शेयरधारकों को आपके निरंतर सहयोग तथा विश्वास के लिए सहृदय धन्यवाद देता हूं.

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

**एच.एस.उपेन्द्र कामत**

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# विजया बैंक

**प्रधान कार्यालय : बेंगलूर**

## सूचना

यह नोटिस दिया जाता है कि विजया बैंक (शेयर व बैठक) विनियमावली 2008 के नियम 56 के अंतर्गत विजया बैंक के शेयरधारकों की तेरहवीं वार्षिक सामान्य बैठक, **शुक्रवार, 28 जून, 2013 को दोपहर 4.00 बजे** मुल्की सुंदर राम शेट्टी सभागृह, विजया बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूर - 560 001 में आयोजित की जाएगी जिसमें नीचे उल्लिखित कारोबार किया जाएगा :

**मद सं.1 :** 31 मार्च, 2013 तक के लेखापरीक्षित बैंक के तुलन-पत्र, उस दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए बैंक का लाभ व हानि लेखा एवं लेखों से संबंधित अवधि के लिए बैंक के कामकाज और गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना, अनुमोदित करना तथा अंगीकार करना.

**मद सं.2 :** वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए बैंक के शेयरों पर लाभांश की घोषणा.

**निदेशक मंडल के आदेश से**
कृते **विजया बैंक**

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 25.04.2013

**(के. रेणु)**
कंपनी सचिव

**1. प्रॉक्सी की नियुक्ति**

बैठक में भाग लेकर वोट देने के हकदार शेयरधारक, खुद के बजाय बैठक में भाग लेकर वोट देने के लिए किसी प्रॉक्सी को नियुक्त करने का भी हकदार है और ऐसे प्रॉक्सी को बैंक के शेयरधारक होने की ज़रूरत नहीं है. तथापि, ऐसी प्रॉक्सी को बैठक में बोलने का अधिकार नहीं है. विजया बैंक के किसी अधिकारी या कर्मचारी को प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता. प्रॉक्सी फार्म तभी प्रभावी होगा जब उसे बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले अर्थात् **2.00 बजे शनिवार, 22 जून, 2013** को या उससे पहले यानी समापन घंटों तक या उससे पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, विजया बैंक, मंडल सचिवालय, 41/2, एम.जी.रोड, बेंगलूर - 560 001 को जमा/प्रस्तुत किया गया हो.

**2. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

कोई भी व्यक्ति, किसी ऐसी कंपनी या कंपनी निकाय को , जो बैंक का शेयरधारक हो, विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लेने या वोट देने का तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कि विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसकी नियुक्ति करते हुए संकल्प की एक ऐसी प्रतिलिपि जिसे उस बैठक के अध्यक्ष ने, जिसमें उसे पारित किया गया हो, सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित किया हो, बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले अर्थात् **2.00 बजे शनिवार, 22 जून, 2013** को या उससे पहले यानी समापन घंटों तक या उससे पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, विजया बैंक, मंडल सचिवालय, 41/2, एम.जी.रोड, बेंगलूर - 560 001 को जमा/प्रस्तुत किया गया हो.

**3. उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पर्ची**

शेयर धारकों की सुविधा के लिए इस नोटिस के साथ उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पर्ची संलग्न की गयी है. शेयर धारकों/प्रॉक्सी धारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे संलग्न पर्ची भरें और उसमें निर्दिष्ट स्थान में अपने हस्ताक्षर कर उसे बैठक के स्थान में अभ्यर्पित करें. शेयर धारकों के प्रॉक्सी/प्राधिकृत प्रतिनिधि को चाहिए कि वह उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची पर यह उल्लेख करें कि वह '**प्रॉक्सी**' है या **'प्राधिकृत प्रतिनिधि'**.

**4. शेयरधारकों का रजिस्टर बंद करना**

विजया बैंक के विनियम 2003 (शेयर व बैठक) के खंड 12 के अनुक्रम में बारहवें वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में तथा शेयरधारकों को अंतिम लाभांश, यदि कोई हो तो, पाने के पात्र बनाने के लिए बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर अंतरण पुस्तक मंगलवार, 25 जून 2013, से शुक्रवार 28 जून 2013 (दोनों दिनों सहित) बंद रहेगा.

**5. लाभांश का भुगतान**

बैंक की निदेशक मंडल की सिफारिश के अनुसार अगर कोई लाभांश वार्षिक सामान्य बैठक में घोषित किया गया हो तो घोषणा के 30 दिनों के अंदर उन सभी को लाभांश अदा किया जाएगा जो बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत है :

क) जो एनएसडीएल तथा सीडीएसएल से अमूर्त रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में 24 जून, 2013 को कारोबार घंटों की समाप्ति पर प्रस्तुत की गयी सूची के अनुसार हितकारी मालिक है.

ख) जो 28 जून, 2013 को बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत शेयरधारक है.

ऐसे शेयरधारकों को लाभांश वारंट ईसीएस या बैंक द्वारा अनुमोदित अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के ज़रिए शेयर अंतरण एजेंट अर्थात मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के माध्यम से घोषणा के 30 दिनों के अंदर अर्थात 28 जुलाई, 2013 के अंदर भेजा/जमा किया जाएगा.

**6. लाभांश वारंट/इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (जमा समाशोधन) में बैंक खाते के विवरण – (एनईसीएस) :**

भा.रि.बैंक की अधिसूचना के अनुसार 1 अक्तूबर 2009 से ईसीएस के जरिए रकम के प्रेषण को राष्ट्रीय इलक्ट्रानिक समाशोधन सेवा (एनईसीएस) के द्वारा बदल दिया गया है. एनईसीएस बैंकों द्वारा कोर बैंकिंग समाधान के कार्यान्वयन के बाद आबंटित नए विशिष्ट बैंक खाता संख्या के अनुसार कार्य करता है. भौतिक व डीमाट रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों को यह सुविधा प्रदान की जाती है. भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक उनके बैंक द्वारा प्रदत्त बैंक खाता संख्या इस खाते से संबंधित चेक की फोटोप्रति के साथ आर एण्ड टी एजेन्ट मेसर्स लिंक इंडिया प्रा.लि., मुंबई को दे सकते हैं. इलक्ट्रानिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक अपनी डिपोसिटरी के साथ अपने बैंक खाता ब्यौरे को अद्यतन बनाए.

गैर–सीबीएस बैंक शाखाओं में बैंक खाता रखने वाले शेयरधारकों को एनईसीएस में कवर नहीं किया गया है और उन्हें लाभांश का वितरण भौतिक लाभांश वारंट के जरिए किया जाएगा. इन शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने बैंक खाता संख्या, बैंक का नाम व शाखा, जहाँ वे लाभांश वारंट को नकदीकरण हेतु जमा करना चाहते हो आदि हमें प्रदान करें. उक्त ब्यौरे संयुक्त/एकल शेयरधारकों द्वारा प्रस्तुत किए जाने हैं. एनईसीएस अधिदेश का प्रारूप इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है.

**7. दावा नहीं किया गया लाभांश, अगर कोई हो तो**

पिछली अवधियों के लिए जिन शेयरधारकों ने लाभांश वारंट प्राप्त नहीं किया है/भुनाया नहीं है, अगर कोई हो तो, उनसे अनुरोध है कि बैंक के शेयर अंतरण एजेंट से संपर्क करें ताकि अनुलिपि लाभांश वारंट/तारीखों का पुनर्मूल्यांकन किया जा सके.

घोषणा की दिनांक से 30 दिनों की समाप्ति के बाद 7 दिनों के अंदर यदि किसी शेयरधारक ने लाभांश भुनाया/का दावा न किया हो तो बैंक लाभांश खाते से ऐसी राशि का एक अलग खाते "..... वर्ष के लिए विजया बैंक का अदत्त लाभांश खाता" में अंतरण कर दिया जाएगा.

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की नयी धारा 10(ख) के अनुसार 7 वार्षो तक अदत्त या दावा रहित लाभांश की राशि को कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 205सी के अधीन केंद्र सरकार द्वारा संस्थापित निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरित किया जाएगा तथा इसके बाद न बैंक या न आईईपीएफ से इसकी अदायगी का दावा किया जा सकता है.

**8. शेयरधारकों से अनुरोध**

**8.1 तुलन पत्र की प्रतियां**

शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां सामान्य बैठक में वितरित नहीं की जाएगी अत: शेयरधारकों से अनुरोध है कि वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां साथ में लाएं जो बैंक द्वारा उनके पंजीकृत पतों पर डाक द्वारा भेजी जाती है.

**8.2 शेयरों का अमूर्तीकरण**

उन शेयरधारकों से जिनके शेयर प्रमाणपत्र मूर्त रूप में है, अनुरोध है कि अपने शेयरों का अमूर्तीकरण करवा लें, चूंकि सेबी ने हमारे बैंक का नाम अनिवार्य रूप से अमूर्त रूप में शेयरों का व्यापार करने की सूची में जोडा है.

**8.3 पते में परिवर्तन अधिसूचित करना**

शेयरधारकों से अनुरोध है कि पते में परिवर्तन/बैंक खाते में परिवर्तन होने पर तत्काल इसकी सूचना निम्न को दें.

क) अमूर्त रूप में धारित शेयरों के संबंध में अपने संबंधित निक्षेपागार प्रतिभागी.

ख) मूर्त रूप में धारित शेयरों के संबंध में शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,

यूनिट : विजया बैंक, सी-13, पन्नालाल सिल्क मिल्स कापाउंड, एलवीएस रोड, भंडुप (प), मुंबई - 400 078.

ग) भौतिक रूप से शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से भी अनुरोध है कि वे बैंक के साथ अपना ई-मेइल पंजीकृत करवाए/अद्यतन करवाए ताकि बैंक सभी सूचना/वार्षिक रिपोर्ट आदि ई-मेइल के जरिए प्रेषित कर सकें. डीमैट रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने डिपोसिटरी पार्टिसिपन्ट के साथ ई-मेइल पता अद्यतन करवाए. यह कंपनी कार्य मंत्रालय द्वारा शुरु किए गए कंपनी मामलों में हरित पहल को लागू करने की योजना के अनुसार है.

**8.4 फोलियो का समेकन**

शेयरधारक जो समान नाम या संयुक्त नाम पर अलग-अलग फोलियो में मूर्त रूप में शेयर धारित करते हैं उनसे अनुरोध है कि उसी नाम क्रम में शेयर प्रमाणपत्र बैंक के शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाईम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को भेजें ताकि एक ही फोलियो के रूप में समेकन हो सके.

**8.5 स्थिति में परिवर्तन का अभिलेखन**

अनिवासी भारतीय शेयरधारकों से अनुरोध है कि बैंक के शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को तत्काल निम्न सूचना दें :

क) स्थाई निवास के लिए भारत लौटते समय निवासीय स्थिति में परिवर्तन.

ख) भारत में स्थित बैंक खाते के विवरण जैसे पूरा नाम, शाखा, खाते का प्रकार तथा खाते की संख्या आइएफएससी कूट व एमआइसीआर कूट और पिन सहित बैंक का पता, अगर पहले नहीं दिया हो तो.

**8.6 लेखों की सूचना**

खातों की सूचना चाहनेवाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बैंक को पत्र ऐसा लिखें जो वार्षिक सामान्य बैठक के दिनांक से कम से कम एक सप्ताह पहले बैंक को पहुंच जाता है ताकि प्रबंधन सूचना तैयार करके रख सके. उत्तर केवल वार्षिक सामान्य बैठक में ही उपलब्ध कराया जाएगा.

**9. अन्य सूचना**

**9.1** हरित पहल का समर्थन करते हुए बैंक ने यह निर्णय लिया है कि जिन शेयरधारकों ने अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट/बैंक के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण अभिकर्ता के साथ अपना ई-मेल आईडी पंजीकृत किया है, उनको वार्षिक रिपोर्ट ई-मेल के जरिए भेजी जाएगी.

**9.2** शेयरधारक कृपया नोट करें कि बैठक के दौरान कोई उपहार/उपहार कूपन वितरित नहीं किया जाएगा.

**निदेशक मंडल के आदेश से**
कृते **विजया बैंक**

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 25.04.2013

**(के. रेणु)**
कंपनी सचिव